हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, रविवार, 28 दिसंबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 18.2 डिग्री
न्यूनतम 6.2 डिग्री

4
विकसित भारत रोजगार व आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण वीबी-जी राम जी लागू




## खबर संक्षेप

### हार जीत का दांव लगा रहे पांच जुआरी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** प्रतापपुर कदम पारा में हार जीत का दांव लगा रहे पांच जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त कर रहे प्रतापपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कदमपारा रोड लाइट के नीचे बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर जुआ खेल रहे शांतिनगर के मंगल दास आ. स्व.मोहन दास (35 वर्ष), प्रभांत विश्वास आ. नन्दु (34 वर्ष), बैकोना के महेन्द्र पैकरा आ. रामलाल (25 वर्ष),कदमपारा के श्यामलाल आ. स्व. महादेव (42वर्ष) व मनोज सिंह आ. स्व. रामचंद (45वर्ष) को पकड़ा। पुलिस ने फड़ से 52 पत्ती सहित कुल 2050 रूपये जब्त किया। पुलिस ने सभी जुआरियों के विरूद्ध धारा 3(2) के तहत अपराध दर्ज किया।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार गंभीर, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** ट्रक की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण घायल हो गए। ग्रामीणों की शिकायत पर पुलिस ने चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। बलरामपुर जिले के रघुनाथपुर चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जनकपुर निवासी पवन कुमार अगरिया आ. रामा अगरिया 23 दिसम्बर को सुबह 10 बजे अपने दोस्त संदीप अगरिया आ. कैरा अगरिया के साथ साथ बाइक क्रमांक सीजी 30 जी 5089 से ग्राम महेवा जा रहा था। इस दौरान रघुनाथनगर में पुराने पेट्रोल पंप के समीप ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीजेड 7299 के चालक ने विपरीत दिशा से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार युवकों को टक्कर मर दी। इस घटना में संदीप कुमार को गंभीर चोट आई और उसकी अतडी फट गई। संदीप का उपचार मेडिकल कॉलेज में जारी है। इसके साथ ही पवन अगरिया को भी सिर, पैर व पेट में चोट आई है। इस मामले में पवन अगरिया की शिकायत पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125(ए), 281 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### मवेशी तस्करी करते पकड़े गए दो ग्रामीण

**अम्बिकापुर।** मवेशी तस्करी के मामले में पुलिस ने दो शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी लम्बे समय से मवेशियों की तस्करी का काम कर रहे थे। बलरामपुर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि कुछ पशु तस्कर गौवंश को पैदल मारते पीटते हुए जंगल के रास्ते झारखंड के बूचड़खाना लेकर जा रहे है। सूचना के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर ग्रामीणों के सहयोग से अलखडीहा जंगल में 9 रास भैंस को बरामद करने के साथ ही मवेशी तस्कर थाना अंतर्गत ग्राम चंपापुर निवासी 60 वर्षीय शिवपूजन यादव आ. स्व. खेदु यादव व जवराही निवासी लोक प्रसाद यादव उर्फ बबलू आ. माखन प्रसाद यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक श्रीनाथ सिंह, आरक्षक सचिंद्र सिंह, रामाश्रय विश्वकर्मा सक्रिय रहे।

### पीएम अजय योजनान्तर्गत आवेदन 20 जनवरी तक

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम अटल नगर नवा रायपुर द्वारा विशेष केन्द्रीय सहायता अनुसूचित जाति उप योजना जो कि अब प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय (पीएम अजय) योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 के लिए इच्छुक आवेदकों से आवेदन पत्र 20 जनवरी 2026 तक आमंत्रित किए गए हैं। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्या. के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि इच्छुक आवेदक जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्या. में शाम 5 बजे तक आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

एनएच-43 में कोहरे के कारण दर्दनाक हादसा

# दो ट्रकों की भिड़ंत, दोनों चालकों की मौत

**काईकछार के पास शुक्रवार की रात 11 बजे की घटना**

**पूरी रात केबिन में फंसे रहे शव, शनिवार सुबह निकाले गए**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर





जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर शुक्रवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। काईकछार के पास करीब रात 11 बजे घने कोहरे के बीच मक्का लोड ट्रक और कोरबा से कोयला लेकर आ रहे दूसरे भारी ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों ट्रकों के केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और चालक अंदर ही फंस गए। हादसे में दोनों चालकों की मौके पर ही मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के समय इलाके में घना कोहरा छाया हुआ था, जिससे दृश्यता बेहद कम थी। टक्कर के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, लेकिन अंधेरा और केबिन की खराब हालत के कारण रात में शवों को बाहर निकालना संभव नहीं हो सका। पूरी रात दोनों चालकों के शव ट्रकों के केबिन में ही फंसे रहे।शनिवार सुबह उजाला होने पर जशपुर की कोतवाली पुलिस व राहत दल मौके पर पहुंचे। कटर मशीन की मदद से ट्रकों के केबिन काटकर काफी मशक्कत के बाद दोनों शवों को बाहर निकाला गया। इसके बाद पंचनामा कार्रवाई कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

#### ट्रक चालकों की हुई पहचान

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मक्का लोड ट्रक के चालक अमित सोनी थे, जो बरवा डीह, पत्थलगढ़ा, जिला चतरा (झारखंड) के निवासी थे। वहीं कोयला लोड ट्रक के चालक निलेश केरकेट्टा, ग्राम ओडका, विकासखंड बगीचा के निवासी थे। उनके पिता का नाम एगस्टू केरकेट्टा बताया गया है। दोनों के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है।

#### यातायात हुआ बाधित

हादसे के चलते कुछ समय तक एनएच-43 पर यातायात बाधित रहा। पुलिस ने वाहनों को नियंत्रित कर वैकल्पिक मार्गों से आवागमन कराया। प्रारंभिक जांच में कोहरा और सीमित दृश्यता को हादसे का कारण माना जा रहा है, हालांकि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।इस दर्दनाक हादसे से इलाके में शोक का माहौल है।

## करमीटिकरा में चाकू की नोंक पर लूट



**पत्थलगांव।** नगर के फुलैता चौक स्थित करमीटीकरा में एक शिक्षक के मकान में कुछ नकाबपोशों ने चाकू की नोक पर लूट की वारदात को अंजाम दिया है। मामले में पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

■ शिक्षक व उनके परिजन को किया घायल

जानकारी के अनुसार कुछ नकाबपोश बदमाशों ने नगर के फुलैता चौक स्थित करमीटीकरा में निवासरत शिक्षक गुलाब सिंह जगत के निजी मकान में 26 दिसंबर की रात्रि करीब 12 से 12.30 बजे के बीच मकान के पीछे के दरवाजे को तोड़कर लूट की घटना को अंजाम दिया है। घटना के वक्त घर में शिक्षक, उनकी पत्नी व दो बच्चे मौजूद थे। उनके प्रतिरोध करने पर नकाबपोशों ने उन पर चाकू से हमला भी किया है और मंगलसूत्र, सोने के टॉप्स तथा मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। चाकू के हमले से शिक्षक व उनके परिजन को ⏭ शेष पेज 4 पर

## राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे वन भूमि पर बैनर-पोस्टर लगाना पड़ेगा भारी

**जशपुरनगर।** जिले से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित आरक्षित एवं संरक्षित वन भूमि में कुछ व्यक्तियों एवं संस्थाओं द्वारा वृक्षों पर गर्डलिंग जैसे छाल उतारना या कटाव करना तथा पोस्ट, बैनर व होर्डिंग लगाने की गतिविधियां सामने आई हैं, जिसे वन विभाग ने गंभीरता से लिया है।

■ वृक्षों पर गर्डलिंग व विज्ञापन सामग्री लगाना वन अधिनियम के तहत दण्डनीय अपराध

वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह कृत्य भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 के अंतर्गत स्पष्ट रूप से दण्डनीय अपराध है। धारा 26 के प्रावधानों के अनुसार आरक्षित वन क्षेत्र में किसी भी प्रकार से वृक्ष को क्षति पहुँचाना, काटना, छाल उतारना, कील या तार ठोंकना, पोस्ट-बैनर लगाना अथवा वन संपदा को नुकसान पहुंचाना कानूनन निषिद्ध है। इस प्रकार की गतिविधियाँ न केवल वृक्षों की जैविक संरचना को नुकसान पहुँचाती हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन को बिगाड़ने के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे विकसित हरित पट्टी को भी प्रभावित करती हैं।

वनमण्डलाधिकारी जशपुर वनमण्डल शशि कुमार ने बताया कि वन विभाग द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे आरक्षित एवं संरक्षित वन क्षेत्रों में सघन निरीक्षण अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। निरीक्षण के दौरान जहाँ-जहाँ वृक्षों पर गर्डलिंग अथवा पोस्ट-बैनर लगाए पाए जाएंगे, वहाँ तत्काल जप्ती, प्रकरण पंजीबद्ध कर दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर बैनर अथवा पोस्टर हटाने का व्यय भी संबंधित व्यक्तियों या संस्थाओं से वसूला जाएगा। वन विभाग ने सभी विज्ञापन एजेंसियों, ठेकेदारों, सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों को सख्त हिदायत दी है कि वे वन भूमि या वन वृक्षों पर किसी भी प्रकार का पोस्ट, बैनर, होर्डिंग या अन्य संरचना न लगाएँ। नियमों के उल्लंघन की स्थिति में कठोर दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। वन विभाग द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे वन संपदा के संरक्षण में सक्रिय सहयोग करें। इस प्रकार की किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी तुरंत नजदीकी वन कार्यालय को दें। ताकि समय पर आवश्यक कार्रवाई की जा सके और जिले की हरित धरोहर को सुरक्षित रखा जा सके।

### समाजसेवी तिवारी हुए सम्मानित

**जशपुरनगर।** नगर के कल्याण आश्रम स्कूल परिसर में आयोजित अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के स्थापना दिवस का आयोजन।किया गया जिसमें मुख्य अतिथि ओपी चौधरी वित्त मंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं प्रभारी मंत्री जशपुर द्वारा वेद प्रकाश तिवारी समाज सेवी व प्रदेश संयोजक गौ रक्षा वाहिनी छत्तीसगढ़ को उनके सनातन धर्म संस्कृति एवं गौ सेवा और गौ रक्षा के क्षेत्र मेंबेहतरीन कार्य करने के लिए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओपी चौधरी द्वार शाल फल एवं गंगोत्री मंदिर कल्याण आश्रम का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वेद प्रकाश तिवारी ने बताया कि वो सनातन धर्म संस्कृति एवं गौ सेवा, गौ रक्षा किसी पुरस्कार या सम्मान के लिए नहीं, बल्कि आत्म संतुष्टि और लोगों को अपने मूल संस्कृति से जोड़ने के लिए करते हैं।

## जिला मुख्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में मना वीर बाल दिवस



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा के दिशा-निर्देश पर विगत दिवस 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया।

वीर बाल दिवस पर जिला मुख्यालय एवं जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों, बाल देखरेख संस्थाओं, एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय, नवा बिहान, सखी वन स्टॉप सेन्टर, पंचायत स्तर, वार्ड स्तर पर आयोजित किए गए। जिले में संचालित बाल देखरेख संस्थाओं में पेंटिंग, पोस्टर निर्माण, निबंध लेखन, नारा लेखन, भाषण एवं कहानी सुनाना आदि कार्यक्रम भी आयोजित हुआ, साथ ही राष्ट्रपति द्वारा ष्प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कारष प्रदाय कार्यक्रम देखा गया तथा प्रधानमंत्री का वीर बाल दिवस का संबोधन सुना गया। जिसमें मुख्य रूप से मिशन वात्सल्य अंतर्गत एकीकृत बाल संरक्षण इकाई एवं चाईल्ड हेल्प लाईन (1098) में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा ग्राम एवं ब्लाक स्तर पर सभा आयोजित कर ष्वीर बाल दिवसष के उपलक्ष्य में मनोरा, केसरा, सोगड़ा, फतेहपुर, बधिमा, बुमतेल, भागलपुर, तपकरा, चीरबगीचा में गतिविधियां जिसमें पेंटिंग प्रतियोगिता, ड्राईंग प्रतियोगिता, पीयर-लर्निंग प्रतियोगिता, सर्कल, ग्रुप डिस्कशन, रस्सीकूद, खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चें एवं आम नागरिक द्वारा अपनी सहभागिता प्रदान किया गया।

## राष्ट्रपति के आगमन को देखते हुए 30 को एनएच-43 रहेगा बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भारत की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 30 दिसंबर को जशपुर एवं झारखंड प्रवास प्रस्तावित है। राष्ट्रपति के इस उच्च स्तरीय दौरे को लेकर जिले में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है।

■ जशपुर मांझाटोली मार्ग पर वाहनों की एंट्री पर रोक

■ पुलिस ने जारी किया ट्रैफिक डायवर्जन प्लान

इसी कड़ी में जशपुर पुलिस ने नेशनल हाइवे-43 पर यातायात को लेकर बड़ा फैसला लिया है। राष्ट्रपति के काफिले की सुरक्षा को देखते हुए जशपुर से मांझाटोली तक एनएच-43 पर दो पहिया, चार पहिया और भारी वाहनों सहित सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यह प्रतिबंध केवल 30 दिसंबर को लागू रहेगा।

#### कहां से कहां जाएगी ट्रैफिक

यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस ने वैकल्पिक मार्ग व्यवस्था लागू की है। रायगढ़ से रांची जाने वाले वाहन बालाछापर चौक से डायवर्ट मार्ग आरा से सकरडेगा, कोंडरा, मोकरा, सुरसांग, मांझाटोली, गुमला, रांची की ओर जाएंगे। जशपुर से रांची जाने वाले वाहन गिरांग चौक से डायवर्ट होकर बालाछापर,आरा, सकरडेगा, कोंडरा, मोकरा, सुरसांग, मांझाटोली, गुमला होते हुए रांची जाएगी।

#### पुलिस की अपील

जशपुर पुलिस ने आम नागरिकों और वाहन चालकों से अपील की है कि वे निर्धारित वैकल्पिक मार्गो का ही उपयोग करें, अनावश्यक यात्रा से बचें और सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करें।पुलिस बल के साथ यातायात अमला प्रमुख चौक-चौराहों पर तैनात रहेगा। गौरतलब है कि राष्ट्रपति के दौरे के दौरान जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कार्रवाई की जाएगी।

## कलयुगी बेटे को नहीं पड़ा मां की मौत से फर्क, 21 दिनों से शव के साथ रहा

**कुनकुरी में बंद कमरे में मिली बुजुर्ग महिला की सड़ी-गली लाश**



**जशपुरनगर।** जिले के कुनकुरी से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक बेटे ने अपनी मां की मौत के बाद शव को कमरे में बंद रखा और करीब 20 दिनों तक किसी को इसकी भनक नहीं लगने दी। मकान से उठती असहनीय दुर्गंध ने पड़ोसियों को परेशान कर दिया, तब जाकर सच्चाई सामने आई। घटना कुनकुरी के रेमते रोड स्थित दिलीप कुमार कुजूर के मकान की है। पहली मंजिल पर सबीना खलखो (65) अपने 25 वर्षीय बेटे प्रवीण खलखो के साथ दिसंबर 2021 से किराए पर रह रही थी। पिछले कुछ दिनों से कमरे से तेज बदबू आ रही थी। शक होने पर मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे का ताला तोड़ा। अंदर का नजारा देखकर सबकी रूह कांप गई। बिस्तर पर सबीना खलखो की लाश पूरी तरह सड़-गल चुकी थी। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पूछताछ में बेटे प्रवीण ने बताया कि मां की तबीयत खराब थी और 6 दिसंबर को उनकी मौत हो गई थी। हैरानी की बात यह है कि मां की मौत के बाद भी वह उसी घर में सामान्य तरीके से रह रहा था।

#### शराब पीने का आदी है बेटा

स्थानीय लोगों के अनुसार, प्रवीण अविवाहित है और आदतन शराबी है। पुलिस जांच कर रही है कि नशे के कारण उसने सूचना नहीं दी या फिर मौत के पीछे कोई साजिश है। आरोपी बेटे को हिरासत में लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट होगा। फिलहाल पुलिस लापरवाही और संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के कोण से जांच कर रही है।

#### हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ

मकान मालिक की सूचना पर पुलिस ने शव बरामद किया है। बेटा 20 दिनों से शव के साथ रह रहा था। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और हर पहलू से जांच जारी है।

**- राकेश यादव**, थाना प्रभारी, कुनकुरी

## दिव्यांग राजेश के जीवन में प्रधानमंत्री आवास योजना से आया बदलाव



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार में जनकल्याणकारी विभिन्न योजनाओं के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना ने बगीचा विकासखंड के सन्ना निवासी राजेश राम के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। राजेश राम पैर से दिव्यांग हैं और कपड़ा सिलाई कर जीवन यापन कर रहे हैं। पहले वे मिट्टी के घर में रहते थे, जहाँ बारिश, ठंड और समय-समय पर मरम्मत की समस्याएँ उनके लिए बड़ी चुनौती बनी रहती थीं।

साल 2024 25 में उनकी जिंदगी में बड़ा बदलाव आया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उन्हें 1.20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई और उन्होंने अपने लिए सुरक्षित एवं सुविधासम्पन्न पक्का घर बनाया। अब उनका परिवार ठंड, बारिश और अन्य कठिन परिस्थितियों से सुरक्षित रूप से रह रहा है। राजेश राम ने कहा, "दिव्यांग होने के कारण घर की मरम्मत और कठिन मौसम में खुद को सुरक्षित रखना मुश्किल था। अब अपने पक्के घर में सारी चिंताओं से मुक्ति मिल गई है।" इस उपलब्धि के लिए राजेश राम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का धन्यवाद जताया, जिनकी योजनाओं और मार्गदर्शन से उनके जीवन में स्थायी सुधार और सुरक्षा सुनिश्चित हुई है।

## भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

सनावल क्षेत्र में दोपहर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद वाड्रफनगर अस्पताल से रेफर कर दिया गया है।


जानकारी के अनुसार ग्राम सनावल के तीन युवक बाइक से डिंडो की ओर से सनावल की ओर जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार डिंडो हाई स्कूल के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा विमलापुरम–सनवाल मार्ग से आ रहे ट्रैक्टर से बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटनास्थल पर सड़क के एक ओर रेत व गिट्टी तथा दूसरी ओर धान का पुआल रखा होने के कारण सड़क संकरी हो गई थी, जिससे यह हादसा हुआ। बाइक व ट्रैक्टर की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार के हेलमेट के भी टुकड़े-टुकड़े हो गए थे। दुर्घटना में बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इस बीच मार्ग से गुजर रहे भाजपा नेता कृपाल कुशवाहा ने घायलों को पिकअप वाहन से तत्काल वाड्रफनगर अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। अस्पताल में चिकित्सकों ने सुखलेश (21 वर्ष) एवं राजनाथ (30 वर्ष) को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल शंख लाल को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि शंख लाल हैदराबाद में मजदूरी करता है और हाल ही में गांव लौट रहा था। वह बस से उतरने के बाद मुरुकोल से दोनों के साथ बाइक से सनावल जा रहा था।

1 जनवरी को होगा एटीवी राइडिंग, स्पीड बोटिंग, कायकिंग व क्रिकेट के साथ इको-टूरिज़्म का अनूठा उत्सव

# नए साल में पर्यटक मयाली नेचर कैम्प में ले सकेंगे रोमांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

नववर्ष 1 जनवरी पर वनमण्डल द्वारा मयाली नेचर कैम्प में पर्यटकों के लिए रोमांचक एडवेंचर एवं इको-टूरिज़्म गतिविधियों का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन वन विभाग द्वारा वन प्रबंधन समितियों के सहयोग से किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य पर्यटकों को सुरक्षित, पर्यावरण-अनुकूल तथा प्रकृति के बीच यादगार अनुभव प्रदान करना है। घने वनों, शांत जलाशय और हरियाली से आच्छादित मयाली नेचर कैम्प में इस नववर्ष पर साहसिक गतिविधियों की विशेष श्रृंखला तैयार की गई है। यहाँ आने वाले पर्यटक स्पीड बोटिंग, कायकिंग, एटीवी राइडिंग तथा क्रिकेट जैसी रोमांचक गतिविधियों का आनंद उठा सकेंगे। इन सभी गतिविधियों के लिए नाममात्र शुल्क मात्र 100 रुपये प्रति गतिविधि निर्धारित किया गया है, जिससे अधिक से अधिक लोग इस आयोजन का हिस्सा बन सकें।



वनमण्डलाधिकारी जशपुर वन मंडल शशि कुमार ने बताया कि सभी गतिविधियाँ प्रशिक्षित कर्मियों की निगरानी में एवं पूर्ण सुरक्षा मानकों के साथ संचालित की जाएंगी। इससे पर्यटकों को न केवल रोमांच का अनुभव मिलेगा, बल्कि वे पूरी तरह सुरक्षित माहौल में प्रकृति के करीब समय भी बिता सकेंगे। मयाली नेचर कैम्प का यह आयोजन इको-टूरिज़्म को बढ़ावा देने, स्थानीय वन समितियों को रोजगार उपलब्ध कराने तथा जिले के पर्यटन को नई पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह स्थान उन लोगों के लिए आदर्श है जो नए साल का स्वागत प्राकृतिक सौंदर्य, रोमांच और सुकून के संग करना चाहते हैं। वन विभाग जशपुर द्वारा सभी नागरिकों एवं पर्यटकों से अपील की गई है कि वे नववर्ष के अवसर पर अपने परिवार एवं मित्रों के साथ मयाली नेचर कैंप में पधारें। इन आकर्षक गतिविधियों का भरपूर आनंद लें तथा स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें।


Rera no. PCGRERA190925001968
www.rera.cgstate.gov.in
ORA
MAKERS
Own your real asset.
Artist's Impression
2026 DESERVES
A BETTER PLACE TO LIVE.
Representational Image
Bilaspur's Most Awaited Premium Township of DEVELOPED PLOTS and
2, 3, 4 & 5 BHK ROYAL BUNGALOWS
Work Begins at Full Pace — The Vision is Now Becoming Reality.
Actual Photo
New Town
2, 3, 4 & 5 BHK BUNGALOWS
MUNGELI ROAD
Grand Entrance Gate - A majestic welcome every day
Modern Garden Spaces - Thoughtfully planned for leisure
Elegant Clubhouse - Designed for recreation and togetherness
Fully Equipped Gymnasium - Stay fit and active
Lavish Swimming Pool with Kids' Pool - Fun for all ages
Indoor & Outdoor Games - Recreation at your doorstep
Yoga, Meditation & Jogging Spaces - Wellness made easy
98931 13444/ 98931 28333
New Town, Beside Kanan Pendari Zoological Garden,
4386 + 5FR Sakri, Mungeli Road, Bilaspur (C.G.)

## ख़बर संक्षेप



### नर्सिंग कॉलेज में वीएम कार्नीवाल एसएनए इवेंट सेलीब्रेशन का आयोजन

**बिश्रामपुर।** वीएम कालेज ऑफ नर्सिंग परिसर में वीएम कार्नीवाल एसएनए इवेंट महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया,,इस इवेंट के तहत सारे विद्यार्थियों को चार ग्रुप में बांटा गया था,जिसमें कालीस्टा रॉय ग्रुप,रोजर्स ग्रुप,फ्लोरेंस ग्रुप एवं आरेम्स ग्रुप सम्मिलित थे,वीएम कार्नीवाल एसएनए इवेंट के तहत प्रथम दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया और चारों ग्रुप द्वारा फ्लैग मार्च किया गया,दूसरे दिवस कालीस्टा रॉय ग्रुप,रोजर्स ग्रुप,फ्लोरेंस ग्रुप एवं आरेम्स ग्रुप का आपस में खो-खो एवं कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रथम दो विजयी ग्रुप का आपस में पुन मैच करवाते हुए विनर घोषित किया गया,तीसरे दिवस टूगवार रिले रेस एवं जलेबी रेस का आयोजन उक्त चारों ग्रुप के मध्य किया गया,चौथे दिवस चारों ओर ग्रुप के मध्य आउट डोर के तहत जेवलीन थ्रो एवं डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता आयोजित की गई और समसामायिक विषयों पर डिबेट भी किया गया,अगले दिवस परिसर में ही चारों ग्रुप द्वारा विभिन्न खाद्य सामग्रियों का स्टॉल लगाया गया और चारों ग्रुप के मध्य क्वीज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई,कार्यक्रम के अंत में छात्र छात्राओं द्वारा एक-दूसरे को क्रिसमस गिफ्ट देकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया,इस अवसर पर गोपाल सिंह विद्रोही,पप्पू मिश्रा,सुनील नारायण अतिथि के रूप में उपस्थित थे,कॉलेज के संचालक विजयराज अग्रवाल के मार्गदर्शन में कार्यक्रम किया गया,कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी प्राचार्य संतोष सिंह एवं स्टाफ सक्रिय रहे।

### आयुष स्वास्थ्य मेला में 305 लोगों को किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



**सोनगरा।** विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला एवं जनजागरूकता शिविर का आयोजन नगर पंचायत जरही में किया गया। जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर की जिम्मेदारी शिविर प्रभारी डॉ. रुद्र प्रताप राजवाड़े ने संभाली। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत के पार्षद विवेक सिंह, सियाराम राजवाड़े एवं रामकुमार राजवाड़े की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन एवं धन्वंतरी स्तवन के साथ हुआ। शिविर में वात व्याधि, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, सर्दी-खांसी, ज्वर, स्त्री रोग, बाल रोग, उदर एवं चर्म रोग सहित अन्य बीमारियों से पीड़ितों को आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक विशेषज्ञों द्वारा परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही रोगियों को निःशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। शिविर में 305 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। अतिथियों एवं रोगियों को आयुष काढ़ा भी पिलाया गया। शिविर में डॉ. राखी केसरवानी, डॉ. निलेश सिंह सिकरवार, डॉ. स्वाति पटेल, डॉ. रितु नेताम, कमलेश सोनी, फार्मासिस्ट राकेश पाण्डेय सहित देवेंद्र सिदार, भूपेश सिदार, मोहित राम, अवध लाल सिंह, इंद्रावती भगत सहित अन्य मौजूद रहे।

### सरस्वती शिशु मंदिर बड़सरा में हुआ मातृ सम्मेलन



**भैयाथान।** सरस्वती शिशु मंदिर बड़सरा में सप्त शक्ति संगम, मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मातृशक्ति को जागरूक करना, सामाजिक एवं पारिवारिक मूल्यों का प्रबोधन करना तथा राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की सशक्त भूमिका को रेखांकित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व जनपद सदस्य सुरुचि साहू, बबीता पैकरा, सविता साहू एवं गुलाब कुंवर द्वारा दीप प्रज्वलन, दीप वंदना एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम में कुटुम्ब प्रबोधन विषय पर बबीता पैकरा ने विस्तृत जानकारी दी। पर्यावरण संरक्षण पर प्रज्ञा जायसवाल ने सारगर्भित विचार व्यक्त किए, वहीं भारत के विकास में महिलाओं का योगदान विषय पर सविता साहू ने उद्बोधन दिया। मातृ सम्मेलन के दौरान महिलाओं के लिए प्रश्नोत्तरी, कुर्सी दौड़ एवं साड़ी मोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली महिलाओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय समिति के संयोजक रामू गोस्वामी, सरपंच जगनारायण सिंह, रमेश यादव, रामप्रताप साहू, राम साहू, टाकेन्द्र पांडे, श्यामलाल सिंह, हरिवंश, रामअवतार यादव सहित उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं अभिभावकों का स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य राम लाल यादव द्वारा किया गया।

### चिरायु योजना अंतर्गत 4 बच्चों को बेहतर इलाज हेतु भेजा गया रायपुर

**सूरजपुर।** कलेक्टर के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.केडी पैकरा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप नामदेव के मार्गदर्शन में चिरायु योजना अंतर्गत कई बच्चे लाभांवित हुए हैं। इसी क्रम में जिले से कॉर्डियल हॉर्ड डिसीस के 4 बच्चों को शासकीय वाहन से उचित ईलाज हेतु रायपुर भेजा गया। आरबीएसके टीम प्रतिदिन आंगनबाड़ी एवं स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर गंभीर बीमारी से ग्रसित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उच्च स्वास्थ्य संस्थाओं में बच्चों का ईलाज मुहईया कराती है। जिले में चिरायु योजना अंतर्गत 14 हृदय रोग, 1072 बच्चों के त्वचा संबंधी रोग, 228 बच्चों के कान संक्रमण, 708 बच्चों के दंत रोग, 413 बच्चों के दृष्टि दोष, 117 बच्चों की रक्त अल्पता तथा 441 अति कुपोषित बच्चों का निशुल्क इलाज किया गया।

## वन अधिकारी नहीं दे रहे कोई भी जानकारी

# अब तक बरामद नहीं हुए बाघ के शव से निकाले गए नाखून व दांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बाघ का शिकार करने के मामले में वन अधिकारी एक महिला सरपंच सहित 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुके हैं। वन अधिकारी बाघ के दो नाखून, मूंछ के अधजले बाल सहित शिकार के लिए उपयोग किए गए अन्य सामग्रियों को जब्त करने का दावा कर रहे हैं लेकिन घटना के 10 दिन गुजरने के बावजूद अभी बाघ के दांत व नाखून को बरामद नहीं किया जा सका है।

**ख़ास बात**

- महिला सरपंच सहित 8 आरोपी हो चुके है गिरफ्तार

सूरजपुर वनमंडल अंतर्गत घुई रेंज के रेवटी जंगल में 15 दिसम्बर को बाघ का शव मिला था। दूसरे दिन पांच सदस्यीय चिकित्सकों ने पीएम किया तो बाघ की मौत करंट से होने की पुष्टि हुई। घटना की जांच में विभाग ने गुरूघासी दास नेशनल पार्क के स्नीफर डॉग का भी उपयोग किया था। स्नीफर डॉग ने बाघ का शव सूंघने के बाद ग्राम भैसामुंडा की सरपंच सिसका कुजूर के घर तथा ग्राम परसडीहा का चक्कर लगाया था। पीएम में यह भी खुलासा हुआ था कि करंट से बाघ की मौत पांच-छह दिन पूर्व ही हो चुकी थी तथा शव में सड़न भी शुरू हो गया था। वन अधिकारियों ने महिला सरपंच से पूछताछ की तो उसने बाघ के दो नाखून एवं मूंछ के कुछ बाल उखाड़ने तथा घर में रखने का अपराध स्वीकार किया। महिला सरपंच के घर से वन अधिकारियों ने बाघ के दो नाखून व बाल बरामद करने के साथ ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था। दो दिनों बाद मामले में वन अधिकारियों ने ग्राम भैसामुण्डा के तीन आरोपियों के साथ ही आसपास के गांवों के अन्य पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से बाघ के मूंछ के अधजले बाल, हथियार, करंट लगाने के लिए उपयोग किए गए जीआई तार सहित अन्य सामग्री बरामद की है। वन अधिकारी मामले के सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा कर रहे है लेकिन इस संबंध में कुछ भी बताने से बच रहे है जिसके कारण अधिकारियों की भूमिका पर तरह-तरह के सवाल भी उठ रहे है।



### नाखून एवं दांतों का पता नहीं

आरोपियों ने बाघ के आगे दोनों पैरों के चार-चार एवं जबड़े से ऊपर-नीचे के चार दांतों को निकाल लिया था। घटनास्थल से एक टूटा हुआ चाकू भी मिला था। वन अधिकारियों ने महिला सरपंच से मात्र दो नाखून बरामद किया है। बाघ के अन्य 6 नाखून कहा है इसकी जानकारी अब तक नहीं मिल पाई है। बाघ के दांतों को भी अब तक बरामद नहीं किया जा सका है। वन अधिकारी आरोपी द्वारा बाघ के दांतों को आग के हवाले करने की बात कह रहे हैं जिस पर स्थानीय ग्रामीण संदेह व्यक्त कर रहे हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों ने प्रारंभ में ही इस संबंध में ज्ञापन सौंप आरोपियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की थी।

### नहीं पहुंची जांच रिपोर्ट

वन अधिकारियों ने बाघ के पीएम उपरांत डब्ल्यू आई आई देहरादून को जांच के लिए बाघ की खाल, घटनास्थल से बरामद चाकू एवं करंट लगाने के लिए उपयोग किए गए जब्त तार का नमूना भेजा था। इस जांच से इसकी पुष्टि हो सकेगी कि जब्त जीआई तार एवं चाकू का उपयोग बाघ के शिकार एवं उसके अंगों को निकालने के लिए उपयोग किया गया है या नहीं। अभी डब्ल्यू आई आई ने भी अपनी जांच रिपोर्ट भी भेजी है।

### जांच पूरी

बाघ के शिकार मामले की जांच पूरी हो गई है। वन अधिकारी मामले की जानकारी क्यों नहीं दे रहे हैं, मैं पूछता हूं।

-अरूण पाण्डेय
पीसीसीएफ



## सभी पंजीकृत किसानों का खरीदा जाएगा एक एक दाना : रामकिशुन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष रामकिशुन सिंह अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार उदयपुर पर पहुंचे जहां उदयपुर एवं डांड़गांव धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर किसानों से रूबरू हुए। उन्होंने किसानों से कहा कि धान बेचने में दिक्कत होगी तो बताए जिस पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी लेकिन सभी किसानों ने अध्यक्ष से कहा कि धान खरीदी में कोई दिक्कत नहीं आ रही है। उन्होंने किसानों से कहा है कि सभी पंजीकृत किसानों का एक एक दाना खरीदा जाएगा कोई भी किसान धान बेचने से वंचित नहीं होगा। प्रदेश सरकार दृढ़ संकल्पित हैं कि गांव, प्रदेश, देश का किसान आगे बढे। भाजपा की सरकार 31 सौ रुपये किवंटल धान खरीद रही ताकि किसानों के अन्न का सीधा लाभ मिल सके।31जनवरी तक धान खरीदने का समय है लेकिन आवश्यकता पड़ी तो समय और बढ़ाया जा सकता है। सरकार किसानों को दिक्कत न हो इसके लिए ऑनलाइन टोकन घर बैठे काटने की व्यवस्था की है। अगर किसी प्रकार की गड़बड़ी पाई जाती है तो सम्बंधित अधिकारी, कर्मचारी इसके जिम्मेदार होंगे। धान उठाव नहीं होने पर उन्होंने बताया कि टेंडर हो चुका है अब शीघ्र सभी समिति का धान का उठाव किया जाएगा। उठाव के सम्बंध में कोई दिक्कत नहीं आएगी वही जरूरत पड़ी तो धान खरीदी का लिमिट भी बढ़ाया जाएगा। इस दौरान अजीत सिंह जिला सहकारी बैंक के अधिकारी, विक्की गुप्ता सखा प्रबंधक उदयपुर, बसंत यादव, परमेश्वर प्रजापति, बुधराम सिंह, महबूब हैदर, सुरेंद्र प्रसाद, कृष्णा सिंह, ब्रिज राज यादव, नार सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### डांड़गांव समिति के लिए नया भवन बनाने की मांग

डांड़गांव सहकारी समिति काफी पुराना एंव जर्जर होने के कारण किसानों को काफी दिक्कत होती है। जिस पर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष ने कहा है कि नया भवन निर्माण हेतु प्रयास किया जाएगा। आवश्यकता अनुसार किसानों को समय पर पैसा मिले इसकी भी जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि किसान को कोई दिक्कत हो तो सीधे मेरे से सम्पर्क कर सकते हैं।

### नवगई एवं मोहरसोप समिति में पानी की नही व्यवस्था, किसान परेशान

बिहारपुर। सूरजपुर जिले के दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र स्थित धान खरीदी केंद्र नवगई एवं मोहरसोप में अव्यवस्था है। समिति में पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं है। जिससे दूर-दराज से आने वाले किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समितियों में हर दिन बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर, पिकअप एवं गाड़ी से धान लेकर पहुंच रहे है। धान तौल, पर्ची कटाने और बोरियों की लोडिंग-अनलोडिंग में सुबह से शाम तक समय लग रहा है। खरीदी केंद्र में पानी की व्यवस्था न होने से किसानों को लम्बा सफर करना पड़ता है जिससे न केवल समय की बर्बादी हो रही है, बल्कि कामकाज भी प्रभावित हो रहा है। किसानों का कहना है कि शासन-प्रशासन द्वारा पूर्व में धान खरीदी केंद्रों में किसानों के लिए पेयजल, छांव, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे बावजूद इसके नवगई और मोहरसोप समिति में पानी का संकट बना हुआ है। लगातार श्रम करने वाले को समिति में पानी उपलब्ध नहीं होने से भारी परेशानी हो रही है। प्यास बुझाने किसान लम्बी दूरी तय करते है। किसानों ने समिति परिसर में पानी की व्यवस्था करने की मांग की है।



## नगर में लूट की बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था नट गिरोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

नगर में पुलिस की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। लचर कार्यप्रणाली से नगर समेत क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का हौसला बढ़ते जा रहे है जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। लचर व्यवस्था का एक ताजा मामला सामने आया है जहां नगर में लूट की एक बड़ी घटना होते होते रह गई जब नट गिरोह के लुटेरे रात के आठ बजे नगर के एक सर्राफा व्यापारी से लूट की घटना को अंजाम देने की फिराक में घात लगाए बैठे थे। नट गिरोह द्वारा लूट की नीयत से घात लगाने की भनक लगते ही सर्राफा व्यापारी सतर्क हो गए जिससे वे अपने मंसूबों में कामियाब नहीं हो पाए।

- सर्राफा व्यापारी की सूझबूझ से टली लूट की बड़ी घटना, सीसीटीवी में कैद हुई घटना




प्राप्त जानकारी अनुसार मंगलवार की रात साढ़े सात बजे के करीब नगर के सर्राफा व्यापारी ब्रम्हदेव सोनी की पत्नी दुकान के कर्मचारी के साथ बाइक से अपने घर जा रही थी।मुख्य मार्ग से उनके घर जाने का रास्ता एक गली से होकर गुजरता है जहां अंधेरा होने के बाद आवाजाही कम होने से सन्नाटा पसर जाता है। जैसे ही वो मुख्य मार्ग से अपने घर जाने वाली गली में मुड़ी और कुछ दूर आगे बढ़ी तभी उन्हें गली में घात लगाए बाइक सवार दो नकाबपोश युवक नजर आए जो उन्हें देखते ही छिपने लगे। सुनसान गली में बाइक सवार दो नकाबपोश युवको को देखने के बाद वो और उनका कर्मचारी काफी डर गए और घर पहुंचकर कर्मचारी ने यह बात फोन पर ब्रम्हदेव सोनी को बताई। कर्मचारी द्वारा सूचना मिलने के बाद ब्रम्हदेव सोनी तत्काल घर पहुंचे और बाइक सवार दोनो नकाबपोश युवक के करीब जाकर उनसे पूछताछ करने लगे। सर्राफा व्यापारी द्वारा पूछताछ के दौरान दोनों नकाबपोश हड़बड़ा गए और मौके से बाइक क्रमांक सीजी 04 एनपी 5625 से भाग निकले। इस दौरान सर्राफा व्यापारी ने कुछ दूर तक उनका पीछा भी किया था पर वो उन्हें चकमा देकर भाग निकले। इसके बाद ब्रम्हदेव सोनी अपने बड़े भाई इंद्रदेव सोनी कोके साथ रिपोर्ट दर्ज कराने थाने पहुंचे थे। अभी पहले हुई घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज भी नही हो पाई थी कि आधे घंटे के अंदर वही घटना उनके बड़े भाई इंद्रदेव सोनी के सर्राफा कारोबारी बेटे और पत्नी के साथ घट गई। रात लगभग आठ बजे जब उनका भतीजा दुकान बंद करके अपनी मां के साथ कार में बैठकर घर जा रहा था तभी गली में पहले की बजाए दूसरी बाइक पर सवार होकर आए दो नकाबपोश युवक जो पहले से वहां घात लगाए बैठे थे उनकी कार के आगे आगे चलने लगे।

इस दौरान नकाबपोशों ने कार को रोकने का प्रयास किया लेकिन युवक ने बिना कार रोके किसी तरह घर पहुंचा और मां को घर पहुंचाने के बाद बाइक सवारों को पीछा करने लगा। भागने के दौरान बाइक सवार नकाबपोश चलता-खड़गांव मार्ग में अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इस घटना में बाइक सवार एक युवक का पैर टूट गया और दूसरा मामूली रूप से घायल हो गया।मामूली रूप से घायल युवक ने पकड़े जाने के डर से अपने साथी को घायलावस्था में छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर डायल 112 के सहयोग से घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घायल युवक का नाम संजय नट बताया जा रहा है जो रायगढ़ जिले के विजयनगर कंडराजा का रहने वाला है। नट गिरोह के हाथों लूट का शिकार होने से बाल बाल बचे सर्राफा व्यापारी इस घटना के बाद से काफी दहशत में है। सर्राफा कारोबारी के घर के पास हुए यह घटना के सीसीटीवी में कैद हो गई है। इस संबंध में थाना प्रभारी अखिलेश सिंह ने बताया कि अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है।

## एसआईआर को लेकर हुई भाजपा की विधानसभा स्तरीय कार्यशाला




**अम्बिकापुर।** भाजपा द्वारा शुक्रवार को अंबिकापुर विधानसभा स्तरीय एसआईआर कार्यशाला का आयोजन पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम के सभाकक्ष में की गई। कार्यशाला में कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि यह अभियान लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। कार्यकर्ता एसआईआर के दूसरे चरण में पूरी निष्ठा और ताकत से कार्य करें, ताकि किसी भी सही मतदाता का नाम न कटे और मतदाता सूची में शामिल गलत मतदाताओं की पहचान कर सूची सही किया जा सके।

संगठन प्रभारी अवधेश चंदेल ने कहा कि एसआईआर को अत्यंत गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ योजनाबद्ध तरीके से इस कार्य में जुटें। एसआईआर फेस-2 में सतर्कता और निरंतरता आवश्यक है, क्योंकि यह प्रक्रिया आने वाले सभी चुनावों के लिए कारगर साबित होगी। उन्होंने संसद में एसआईआर पर हुए भाषण का उल्लेख करते हुए गृहमंत्री अमित शाह को वर्तमान समय का लौह पुरूष बताया। प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने कहा कि यह मतदाता सूची ऐसा महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जो आगामी बीस वर्षों तक सभी चुनावों का आधार बनेगा। फर्जी मतदाताओं के नाम जुड़ने से रोकना और वास्तविक मतदाताओं के नाम सुरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि एक-एक वोट महत्वपूर्ण है और नई मतदाता सूची पर भविष्य के सभी चुनाव निर्भर करेंगे। उन्होंने एसआईआर को लेकर कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर युद्ध स्तर पर जुटने का आह्वान किया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर ने वीर बाल दिवस पर साहिबजादों की शहादत को स्मरण करते हुए कहा कि गुरू गोविंद सिंह का बलिदान सनातन संस्कृति की रक्षा का प्रतीक है। यह कार्यशाला विधानसभा स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बस्तर संभाग संगठन सह प्रभारी हरपाल सिंह भामरा ने गुरू गोविंद सिंह एवं उनके पुत्रों की शहादत को याद किया। कार्यशाला को पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, अम्बिकेश केशरी, बीएलए निलेश सिंह एवं जन्मेजय मिश्रा ने भी संबोधित किया। दिव्या सिंह सिसोदिया, करता राम गुप्ता, मनोज गुप्ता, विकास पाण्डेय, मधु चौदहा, राजकुमार बंसल, रूपेश दुबे, राजेन्द्र जायसवाल, आकाश गुप्ता, शुभांगी बिहाड़े, निशांत सिंह सोलू, अभय साहू सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने बतौली क्षेत्र का किया निरीक्षण

**अम्बिकापुर/ सेदम।** नव पदस्थ कलेक्टर अजीत बसंत बतौली पहुंचे और धान उपार्जन केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र , नेत्रहीन विद्यालय का निरीक्षण कर वस्तु स्थिति से अवगत हुए। कलेक्टर अजीत बसंत बतौली के बोदा धान उपार्जन केंद्र के व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान धान खरीदी पंजी, स्टॉक पंजी, धान तौलाई सहित किसानों को मिल रही सुविधा का जानकारी ली। साथ ही रैंडम बोरियों में धान की नमी की जांच करवाई तथा धान तौलवा कर देखा। कलेक्टर अजीत बसंत द्वारा गत वर्ष पंजीकृत किसान एवं वर्तमान पंजीकृत में जो अंतर आया है उस अंतर में रकबा बढ़ोत्तरी की जांच हेतु एसडीएम को निर्देशित किया।

- दिए व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

मौके पर मौजूद अधिकारियों को धान की अवैध बिक्री बिना पंजीकृत किसान पर नजर रखने और कारवाई करने निर्देशित किया। साथ ही उपार्जन केंद्र में व्यवस्था दुरुस्त रखने प्रबंधकों को निर्देशित किया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के जनरल वार्ड, पुरुष वार्ड, महिला वार्ड, आपातकालीन कक्ष, ओपीडी, पैथोलॉजी लैब, एक्स-रे कक्ष,प्रसव कक्ष में आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।




कलेक्टर ने अस्पताल में दवाइयों की उपलब्धता, मरीजों के भोजन व्यवस्था की जानकारी लेकर स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। साथ ही एचआरपी मरीजों की जानकारी लेकर विशेष निगरानी रखने निर्देशित किया है। प्रसव के दौरान मिलने वाली सहायता राशि को समय पर दिए जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात नेत्रहीन विद्यालय बतौली पहुंचे जहां बच्चों से मिले व हाल चाल जाना फिर पूरी व्यवस्था का जायजा लेकर व्यवस्था को चाक चौबंद करने निर्देशित किए है। उन्होंने कहा कि विद्यालय से निकल कर उच्च शिक्षा प्राप्त करने एवं अच्छी उपलब्धि प्राप्त करने वाले पूर्व छात्रों को बुलाएं ताकि अन्य बच्चे प्रेरणा ले सकें।

## सोनार समाज ने मासिक बैठक के दौरान प्राचार्यों को किया सम्मानित

# पिता के निधन उपरान्त स्कूल ने माफ की बच्चों की फीस


हरिभूमि न्यूज : राजपुर

शुक्रवार को सोनार समाज की मासिक बैठक में शहर के दो निजी स्कूल के प्राचार्यों का सम्मान किया गया। सामाजिक भवन में आयोजित बैठक के दौरान सेंट जेवियर्स स्कूल के प्राचार्य से सेबेस्तियन तिग्गा एवं राजीव गांधी स्कूल के प्राचार्य जितेंद्र गुप्ता को सम्मानित किया गया। इस बैठक में समाज के संभाग प्रभारी रघुनाथ सोनी, संरक्षक शिवराम सोनी, संभागीय अध्यक्ष सुरेश सोनी एवं अंबिकापुर के समाज के जिला अध्यक्ष विनोद सोनी शामिल हुए। अध्यक्ष सुरेश सोनी ने बताया कि कुछ माह पहले समाज के सदस्य बंधु सोनी के पुत्र प्रदीप सोनी का बीमारी के कारण निधन हो गया था। प्रदीप सोनी अपने पीछे अपनी पत्नी एवं कर बेटियों को छोड़कर गए थे और उनके ऊपर काफी कर्ज भी चढ़ गया था। प्रदीप सोनी की दो बेटी सेंट जेवियर्स स्कूल में पढ़ाई करते हैं एवं एक बेटी राजीव गांधी स्कूल में पढ़ाई करती है। काफी महीनों से इनका फीस नहीं भर गया था और प्रदीप सोनी के देहांत होने पर उनके पढ़ाई पर भी संकट मंडराने लगा था। समाज ने पहल करते हुए इन बेटियों की फीस माफ करने के लिए दोनों स्कूल के प्राचार्य से बातचीत की जिस पर उन्होंने सराहनीय पहल करते हुए इनका फीस माफ कर दिया है और इस सत्र में इन्हें निशुल्क शिक्षा देने हेतु बात कही है। दोनों संस्थान के इस कार्य की सराहना करते हुए आज समाज के द्वारा इनका शाल श्रीफल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।



## बेलसोता नाला पुल पार करने दौरान मिक्चर मशीन अटैच ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर पलटा

**बिश्रामपुर।** प्रतिबंध के बाद भी ट्रेक्टर के माध्यम से मिक्चर मशीन को बेलसोता नाला के जर्जर पुल पर पार करने के दौरान मिक्चर मशीन पुल से नीचे गिर गया, हालांकि दुर्घटना में किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है,गौरतलब है कि ग्राम राजापुर व कैलाशपुर के मध्य स्थित बेलसोता नाला पुल पिछले दिनों बारिश के दिनों में क्षतिग्रस्त हो गया है जिस पर प्रशासन द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच उक्त पुल से आवागमन प्रतिबंधित कर दिया गया, बावजूद इसके स्थानीय लोगों द्वारा उक्त जर्जर पुल से आवागमन कर ही रहे हैं,इसी बीच शुक्रवार को एक ट्रैक्टर चालक अपने वाहन में मिक्चर मशीन को टोचन करके पार कर रहा था,इसी बीच मिक्चर मशीन पुल से नीचे गिर गया है। ज्ञात हो कि स्थानीय लोग आज भी मजबूरन उक्त जर्जर पुल पर आवागमन करने विवश है।



## खबर संक्षेप

### युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**रायगढ़।** अपनी प्रेमिका की शादी से दुखी एक युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। उक्त घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के मुताबिक नया गंज का रहने वाला अभिषेक देवांगन 30 का प्रेम प्रसंग कोतरा रोड क्षेत्र में रहने वाली 25 वर्षीय युवती के साथ करीब ढाई साल से चल रहा था। जहां दोनों कई बार एक-दूसरे से मिलते थे। लगभग 3 दिन पहले उसकी शादी हो गई। इस बात से युवक कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान हो गया था। गुरूवार की रात अभिषेक ने एक वीडियो बनाया, जिसमें उसने अपनी प्रेमिका के लिए कुछ बातें कहते हुए वीडियो में मरने की भी बात कही इसके बाद उसने घर में फांसी लगा ली। मामले की जानकारी उसके दोस्त को लगी और वह तत्काल उसके घर पहुंचा। उसके परिजनों को इन बातों को बताकर उसके कमरे में गए तो वह फांसी पर लटक चुका था।जिसके बाद उसे तत्काल फांसी के फंदे से उतारा गया और अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, घटना के बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई।

### मूर्ति अनावरण का कांग्रेस ने किया बहिष्कार

**रायगढ़।** किरोड़ीमल नगर में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम का कांग्रेस ने बहिष्कार कर दिया। इस संबंध में नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर के अध्यक्ष हरिकिशोर चन्द्रा ने इसे पूरी तरह राजनीतिक आयोजन करार दिया है और कांग्रेस की ओर से कार्यक्रम के बहिष्कार की घोषणा कर दी । उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा 24 दिसंबर को लिखित आपत्ति दर्ज कराई गई थी, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई स्पष्ट निर्णय नहीं लिया गया है। इससे यह संदेश जा रहा है कि आयोजन को राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। कांग्रेस द्वरार पत्र के माध्यम से यह भी साफ किया गया है कि इस परिस्थिति में नगर पंचायत अध्यक्ष हरिकिशोर चन्द्रा एवं कांग्रेस पार्टी के कोई भी प्रतिनिधि प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे ।

### एनएच 49 में हादसा चालक की मौत

**रायगढ़।** खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे 49 पर बीती रात सड़क हादसा हो गया। रात करीब 9 बजे रानीसागर ओवरब्रिज पर एक तेज रफ्तार ट्रेलर और चैनल गाड़ी के बीच आमने-सामने भिड़ंत हो गई। यह टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रेलर का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और चालक केबिन के भीतर ही फंस गया, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही खरसिया पुलिस मौके पर पहुंची और केबिन में फंसे चालक के शव को बाहर निकाला गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह ट्रेलर इस हादसे से ठीक पहले ग्राम देहजरी के कोल्ड स्टोरेज के पास एक पैदल यात्री को भी अपनी चपेट में ले चुका था, जिसे ग्रामीणों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया।

### वित्त मंत्री से भेंट, कॉलेज और बजट पर चर्चा

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात की गई। इसका मुख्य उद्देश्य नगर पंचायत सरसीवा क्षेत्र में नवीन महाविद्यालय की स्थापना तथा इसे राज्य बजट में शामिल करने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री के समक्ष क्षेत्र की शैक्षणिक आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की और नवीन महाविद्यालय के माध्यम से स्थानीय युवाओं को उच्च शिक्षा की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की गई। मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की मांग को गंभीरता से सुना और कारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि शिक्षा क्षेत्र के विकास को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।इस प्रस्ताव पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### करमीटिकरा में ...

मामूली चोट लगी है। पुलिस ने घायलों का चिकित्सक से इलाज कराया है। शिक्षक की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस की टीम ने घटनास्थल पर पहुंच कर जांच की। प्राथमिक जांच में मामले में तीन नकाबपोश आरोपियों की संलिप्तता उजागर हुई है। आरोपियों तक पहुंचने के लिए पुलिस डॉग स्क्वायड व साइबर सेल की टीम की मदद ले रही है।

### अब इस योजना में 100 के बजाय मिलेगा 125 दिन का रोजगार

# विकसित भारत रोजगार व आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण वीबी-जी राम जी लागू






हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भारत एवं राज्य शासन की प्राथमिकता वाली रोजगार मूलक केंद्र सरकार की नई और महत्वाकांक्षी योजना विकसित भारत रोजगार व आजीविका गारंटी मिशन.ग्रामीण वीबी-जी राम जी अधिनियम, 2025 को रायगढ़ जिले में जिला कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजित बबन पठारे के संयुक्त मार्गदर्शन में प्रभावी ढंग से लागू कर दिया गया है।

हाल ही में राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद शुरू हुई यह योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा का एक आधुनिक और उन्नत रूप है। इसका मुख्य उद्देश्य वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आजीविका के अवसरों को सुदृढ़ बनाना है।

#### व्यापक प्रचार-प्रसार और ग्राम सभाओं का आयोजन

राज्य शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विकास विभाग के निर्देशानुसार रायगढ़ जिले के सभी सात विकासखंडों में इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। पेसा क्षेत्र के पांच विकासखंडों में 24 दिसंबर से विशेष ग्राम सभाओं का सिलसिला शुरू हो चुका है, वहीं गैर.पेसा क्षेत्र 26 दिसंबर से रायगढ़ एवं पुसौर में भी लगातार बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए पंचायतों में पोस्टर, बैनर, होर्डिंग्स, नारा लेखन, दीवार लेखन, जन जागरूकता रैली, रंगोली और नुक्कड़ नाटकों का सहारा लिया जा रहा है।

#### खेती के सीजन का सम्मान और ग्रामीण सहभागिता

इस नवीन योजना के तहत स्थानीय जरूरतों को देखते हुए खेती.बुआई के पीक सीजन के दौरान वर्ष में 2 महीने कार्य बंद रखे जाएंगे, ताकि कृषि कार्यों के लिए मजदूरों की उपलब्धता बनी रहे। इस योजना की सबसे बड़ी ताकत ग्राम सभाएं होंगीए जहाँ ग्रामीण स्वयं अपने गांव के विकास की योजना बनाएंगेए जिसे सरकार द्वारा क्रियान्वित किया जाएगा।

#### रोजगार के दिनों में वृद्धि और त्वरित भुगतान

महात्मा गांधी नरेगा के आयुक्त तारन प्रकाश सिन्हा ने योजना की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस नए मिशन के तहत अब ग्रामीण परिवारों को प्रति वर्ष 100 दिन के स्थान पर 125 दिन का गारंटीड रोजगार प्राप्त होगा। इससे ग्रामीणों को 25 दिनों का अतिरिक्त लाभ मिलेगा। साथ ही, श्रमिकों के आर्थिक हितों का ध्यान रखते हुए 7 दिनों के भीतर मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। योजना के तहत अब कार्यों का नियोजन पारंपरिक तरीकों के बजाय जीआईएस सैटेलाइट तकनीक से किया जाएगा। इसमें प्रमुख रूप से जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल मरम्मत, जल संरक्षण, स्कूलों का कायाकल्प, सामुदायिक भवनों का निर्माण और डबरी निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं। इसके अलावा, लखपति दीदी योजना से जुड़े आजीविका कार्यों और कृषि संबंधी गतिविधियों को भी प्राथमिकता दी गई है।



## तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से दो युवकों की मौत, चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

बिलाईगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दुमहानी में 25 दिसंबर की देर शाम करीब साढ़े 7 बजे सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। घटना ग्राम दुमहानी स्थित भुवनेश्वर बंजारे के घर के सामने सड़क पर हुई। सनत कुमार देवांगन पिता सुनहर देवांगन 43 निवासी वार्ड क्रमांक 6 बिलाईगढ़ ने बिलाईगढ़ थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई है। 25 दिसंबर की शाम रूपेंद्र कुमार देवांगन अपने साथी रोशन टंडन के साथ वाहन क्रमांक सीजी 04 एमक्यू 4140 से बेलटिकरी ढाबा में भोजन करने गए थे। भोजन करने के बाद दोनों दुमहानी पहुंचे ही थे कि विपरीत दिशा से आ रही ट्रक क्रमांक सीजी 22 जे 9808 के चालक ने तेज गति व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रूपेंद्र कुमार देवांगन एवं उनके साथी यशवंत टंडन को गंभीर चोटें आईं। दोनों को इलाज के लिए तत्काल बिलाईगढ़ भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा मृतकों का मर्ग कायम कर पंचनामा की गई। घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। थाना बिलाईगढ़ पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के विरुद्ध अपराध क्रमांक 330 पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

## पुसौर ब्लॉक के 86 जगहों और उपार्जन केन्द्रों में मनाया गया सुशासन दिवस



**पुसौर।** पुसौर, कोडातराई व सुपा मण्डल क्षेत्र में 86 स्थलों में अटल जन्मदिन पर उन्हें याद करते हुए उनके बताये मार्गो को लेकर सुशासन दिवस मनाया गया। इस संबंध में मण्डल अध्यक्ष संदीप पंडा, जैमिनी गुप्ता व सुपा मंडल अध्यक्ष से जानकारी ली गई। जिन्हौने बताया कि क्षेत्र के कई उपार्जन केन्द्रों में सुशासन दिवस मनाए जाने की भी बात कही जा रही है। मुख्यालय पुसौर में आयोजित इस कार्यक्रम में नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि गण सहित अन्य भाजपेई शामिल रहे। जानकारी के मुताविक सब इंजीनियर दुर्गेश मालाकार के व्यवस्था में यह कार्यक्रम हुआ जिसमें अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी, उपाध्यक्ष उमेश साव, सोसायटी अध्यक्ष घनश्याम पटेल, पार्षदों में बरूण महाणा, रूपेश साव, शौकी चैहान, निराकार पटेल तथा भाजपाइयों में विकास होता, बद्री महाणा, हरि साहू, विजय महाणा, स्कूल अध्यक्ष भरत षड़ंगी, संतोश यादव, पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि अरविंद प्रधान तथा मंडलमंत्री डिग्री पाईक आदि उपस्थित रहे। इस बीच लोगों ने देश के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद किया। वहीं घनश्याम पटेल ने अपने उदबोधन में साय सरकार द्वारा सुशासन दिवस पर पूरे प्रदेश में 115 अटल परिसर का लोकार्पण करने की बात कही। इसी कड़ी में इन्हौने बताया कि एक परिसर में 10 से 20 दुकानें हैं जो कुल मिला कर 3000 से अधिक हो सकते हैं।

## विधानसभा स्तरीय भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया




प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर स्थानीय लखीराम आडोटोरियम में खरसिया विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन स्थानीय सांसद राधेश्याम राठिया के मुख्य आतिथ्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता गिरधर गुप्ता, संभागीय सहप्रभारी अभिषेक शुक्ला, विधानसभा प्रभारी रजनीश सिंह, जिला भाजपा प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर, जिला भाजपा अध्यक्ष अरूणधर दीवान, महेश साहू के विशिष्ट आतिथ्य में एवं सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद श्री राठिया ने उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा इन दो सालों में किये गये विकास कार्यो के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता, संभागीय सहप्रभारी, विधानसभा प्रभारी, जिला भाजपा प्रभारी ने भी प्रदेश सरकार के साथ ही साथ केन्द्र सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए इसका प्रचार प्रसार घर घर तक किए जाने पर जोर दिया। जिला भाजपा अध्यक्ष अरूणधर दीवान ने अपने उदबोधन में कहा कि भाजपा सरकार के दो वर्ष जनहित के कार्यो एवं ऐतिहासिक निर्णयों से भरे रहे हैं गरीब कल्याण किसानों के हितए महिलाओं के सशक्तिकरण और युवाओं के भविष्य को मजबूत करने के लिये सरकार ने ठोस कदम उठाये हैं। श्री दीवान ने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि वे सरकार की उपलबध्यिों को जन जन तक पहुंचाये और संगठन को जमीनी स्तर पर और सशक्त बनाये। भाजपा जिलाध्यक्ष ने संगठनात्मक मजबूरी, अनुशासन और निरंतर जनसंपर्क पर जोर देने की बात कही। भाजपा के वक्ताओं के संबोधन ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया।

## सर्व हिंदू समाज सम्मेलन में एकता और जागरण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर



धर्म और संस्कृति की नगरी चंद्रपुर में पहली बार सर्व हिंदू समाज सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन चंद्रहासनी मंदिर परिसर स्थित महादेव दरहा घाट में संपन्न हुआ। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता, मातृशक्ति एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, आपसी एकता को मजबूत करना और समाज में जन-जागृति का संदेश देना रहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रामकथा वाचक एवं अखिल भारतीय हिंदू सेवा दल के राष्ट्रीय संरक्षक महामंडलेश्वर रामप्रियदास महाराज ने सनातन धर्म पर हो रहे लगातार प्रहारों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आज देश और समाज में योजनाबद्ध तरीके से धर्मांतरण जैसी गतिविधियां बढ़ रही हैंए जो चिंताजनक है। उन्होंने हिंदू समाज से एकजुट होकर अपने धर्मए संस्कृति और परंपराओं की रक्षा करने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ता प्रकाश खांडे ने कहा कि सनातन धर्म के प्रति प्रत्येक व्यक्ति को सजग और जागरूक रहना होगा तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए कार्य करना होगा। वहीं मातृशक्ति की ओर से रूपा सिंह देव और रीता साहू ने अपने विचार रखते हुए समाज में महिलाओं की भूमिका और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा पर जोर दिया। तुलसी मानस मंच से संतराम यादव ने श्जागो हिंदू जागोश का ओजस्वी नारा देते हुए समाज को चेतना का संदेश दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश देवांगन ने संगठन की शक्ति पर बल देते हुए कहा कि संगठित समाज ही किसी भी चुनौती का सामना कर सकता है।कार्यक्रम की अध्यक्षता सिताराम देवांगन ने की। सम्मेलन के संयोजक चंद्रशेखर मालवीय ने कहा कि वर्तमान समय में देश और विदेशों में हिंदू समाज के खिलाफ षड्यंत्र रचे जा रहे हैं। भोले.भाले हिंदुओं का धर्मांतरण कराया जा रहा है और लव जिहाद जैसी घटनाएं समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। ऐसे समय में जाति-पांति से ऊपर उठकर पूरे हिंदू समाज को एकजुट होने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से की गई, इसके पश्चात सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ हुआ।

### जुआ अड्डे पर दबिश 7.70 लाख नकद जब्त

**सुंदरगढ़।** सुंदरगढ़ जिले के बड़गांव ब्लॉक अंतर्गत बेहेरामाल गांव में चल रहे एक बड़े जुआ अड्डे पर पुलिस ने दबिश दी। बड़गांव थाना पुलिस ने देर रात छापेमारी कर मौके से 7 लाख 70 हजार नकद के साथ 8 जुआरियों को पकड़ा गया है। इस कार्रवाई से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस अधीक्षक सुंदरगढ़ के निर्देश पर बड़गांव थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था। गुप्त सूचना के आधार पर 25 दिसंबर की रात करीब 2 बजे बेहेरामाल गांव स्थित फुटबॉल मैदान के पास संचालित जुआ अड्डे पर अचानक छापा मारा गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने जुआ खेलते हुए 8 लोगों को मौके पर पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों में जुआ अड्डे का आयोजक महेंद्र लुहा सहित कंदरप खिलारी, महादेव बेहेरा, ताराचंद किशान, सत्रुघ्न किशान, संतोष कुमार कौड़ी, उदयनाथ प्रधान और जन्मा पेरुआ शामिल हैं। पुलिस ने मौके से घुड़घुड़ी पाटीश और डाइस गोटी के माध्यम से खेले जा रहे जुए से संबंधित भारी मात्रा में सामग्री बरामद की। इस मामले में बड़गांव थाना में कांड के तहत ओडिशा गैंबलिंग एक्ट की धारा 3 में मामला दर्ज किया गया है।

## अभिनव के छात्रों ने किया दिल्ली आगरा का शैक्षणिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

पुसौर तहसील मुख्यालय में स्थित अभिनव विद्या मंदिर हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम स्कूल पुसौर द्वारा अपने विद्यार्थियों को अध्ययन कराने के मंशा से प्रतिवर्ष पर्यटन स्थल लें जाया जाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष कक्षा 12 वीं कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं कृषि संकाय के 70 विद्यार्थियों को 6 दिन का शैक्षणिक भ्रमण नई दिल्ली, आगरा मथुरा एवं वृन्दावन कराया गया।

समिति सदस्यों, पालकों शिक्षकों एवं बच्चों की 110 सदस्यीय टीम 18 दिसम्बर को रायगढ़ मारवाड़ी धर्मशाला पहुंची जहां समाजसेवी गौतम अग्रवाल ने भोजन एवं रुकने की व्यवस्था की थी। मथुरा में गायत्री तपोभूमि में भोजन एवं रुकने की व्यवस्था श्रीमती किरण श्रीवास्तव रायगढ़ एवं गायत्री परिवार मथुरा द्वारा की गई। 20 दिसंबर को बस द्वारा गोवर्धन पर्वत बरसाना में कीर्ति एवं राधारानी मन्दिर नंदगांव में नंदभवन देखकर वापस मथुरा आए। 21 दिसंबर को कृष्ण जन्मभूमि रेवती रमण गोकुल धाम घुमते हुए आगरा पहुंचे। मेट्रो ट्रेन का आनंद लेते हुए विश्व के आठ आश्चर्य में से एक आश्चर्य आगरा स्थित ताजमहल का भ्रमण कर जानकारी लिए।

### पत्नी पर जानलेवा हमला करने वाला पति गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतरारोड़ थाना क्षेत्र में पत्नी पर ब्लेड से जानलेवा हमला कर फरार हुए आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर हत्या के प्रयास के अपराध में न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी काफी समय से फरार चल रहा थाए जिसे पुलिस ने पतासाजी कर दबोचने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार दिनांक 27 मई को त्रिवेणी अगरिया पति सावित्रो अगरिया 33 वर्ष निवासी चिराईपानी ने थाना कोतरारोड़ में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। प्रार्थिया ने बताया कि 25 मई की सुबह वह अपने घर पर थी। एक दिन पूर्व पति सावित्रो अगरिया द्वारा उसे घर खर्च के लिए एक हजार रुपये दिया गया था। जब उसने खर्च हो जाने की बात कही तो पति गुस्से में आ गया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गया। इसी दौरान आरोपी ने रेजर ब्लेड से महिला के गले पर वार कर दिया, जिससे गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल महिला को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रायगढ़ में भर्ती कराया गया। रिपोर्ट के आधार पर थाना कोतरारोड़ में आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया।

### प्लांट और कोल खदान क्षेत्र के 53 गाँवों के शताधिक जरूरमंद बच्चे संस्थान में निवासरत

# जरूरतमंद बच्चों के लिए वरदान है जिंदल चिल्ड्रन होम

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार




जिंदल फाउंडेशन जेपीएल तमनार द्वारा समाज के सबसे संवेदनशील जरूरतमंद वर्ग मातृ पितृ विहीन बच्चों के जीवन को नई दिशा और पहचान देने की दिशा में जिंदल चिल्ड्रन होम तमनार एक सशक्त उदाहरण बनकर उभर रहा है। जहां रायगढ़ के अतिरिक्त अन्य जिले के 100 बालक बालिका संस्थान में निवासरत हो शिक्षार्जन कर अपना विद्यार्थी जीवन संवार रहें हैं। ज्ञातव्य यह संस्थान न केवल मात्रपितृ विहीन बच्चों को सुरक्षित आश्रय प्रदान कर रहा है, बल्कि उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार और आत्मनिर्भरता की ओर भी अग्रसर कर रहा है। जिंदल चिल्ड्रन होम तमनार में इन बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पौष्टिक आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की शिक्षा दी जा रही है। यहां का उद्देश्य बच्चों को केवल सहारा देना ही नहीं, बल्कि उन्हें एक बेहतर भविष्य के लिए सक्षम बनाना भी है। इस विषय में परिचर्चा करते हुए ऋषिकेश शर्मा, विभागध्यक्ष, जिंदल फाउंडेशन, जेपीएल तमनार संवेदनशीलता और हर्ष व्यक्त करते हुए कहते है कि. संस्थान में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

अनुभवी शिक्षकों के देखरेख और कुशल नेतृत्व में बच्चों के मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक विकास हेतु निरंतर प्रयास किया जा रहा है। जिंदल चिल्ड्रन होम का वातावरण बच्चों के लिए पारिवारिक स्नेह और सुरक्षा का अहसास करा रहा है। जिससे संस्थान में निवासरत बच्चों को अपने परिवार के समान परिवेश उपलब्ध हो रहा है। यहाँ निवासरत बच्चे शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, कला और संस्कृति के क्षेत्र श्रेष्ठ हैं। इन बच्चों का प्रदर्शन अन्य बच्चों की तुलना में शानदार रहा है।

### आदर्श ग्राम्य भारती में मना सुशासन दिवस

**पुसौर।** शीतकालीन अवकाश में जहां सारे विद्यालय बंद हैं वहीं आदर्श ग्राम्य भारती स्कूल पुसौर सुशासन दिवस के महत्ता को समझते हुए अपने कुछ छात्रों को स्कूल में बुलाकर इस कार्यक्रम को सम्पन्न किया है। जानकारी के मुताबिक उक्त स्कूल के प्राचार्य घनश्याम साहू ने अपने कुछ स्टाफ तथा छात्रों को इसके लिए स्कूल में बुलाया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में नगर उपाध्यक्ष उमेश साव को निमंत्रित किया और यह कार्यक्रम बीते 25 दिसम्बर के लगभग 11 बजे प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत रत्न से सम्मानित देश के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के आदर्श एवं उनके द्वारा देश को दिये गए नित और गति पर प्रकाश डाला गया।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन

डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ

● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123